हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025

9 श्री बांके बिहारी नंद लाल मेरो है..भजन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध



10 विधायक ने किया माजरा पीएचसी का औचक निरीक्षण






PACE
GROUP OF INSTITUTIONS
JHAJJAR

Class wise Vacant Seats (Session : 2025-26) NUR. TO 12TH & DROPPER BATCH

| CLASS | NUR | LKG | UKG | 1ST | 2ND | 3RD | 4TH | 5TH | 6TH | 7TH | 8TH | 9TH | 11TH IIT | 11TH NEET | 11TH NDA | 11TH COMM. | 11TH ART |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| TOTAL SEATS | 20 | 40 | 40 | 40 | 40 | 60 | 60 | 75 | 150 | 150 | 150 | 150 | 90 | 90 | 35 | 35 | 35 |
| VACANTS SEATS | 7 | 6 | 7 | 10 | 18 | 13 | 11 | 14 | 17 | 19 | 18 | 21 | 12 | 11 | 12 | 8 | 6 |

ADMISSION OPEN 2025-26 Contact us : 7419888021, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 20

# झज्जर में रेस्टोरेंट संचालक को गोली मारी

■ बाइक सवार बदमाशों ने पहले पूछा रेवाड़ी जाने का रास्ता, फिर चला दी गोली ■ रोहतक पीजीआई रेफर, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार देर रात शहर के छिकारा चौक पर मोटरसाईकिल सवार बदमाशों ने रेस्टोरेंट संचालक को गोली मार दी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में आनन-फानन में घायल युवक को राहगीरों द्वारा नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान संदीप पुत्र महेंद्र सिंह निवासी सुभाष नगर के तौर पर की गई है। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में संदीप ने बताया कि उसका पुराना बस स्टैंड के सामने रेस्टोरेंट है। वीरवार रात करीब सवा ग्यारह बजे जब वह अपने रेस्टोरेंट से अपने घर पर गाड़ी में सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते छिकारा चौक के नजदीक मोटरसाईकिल सवार युवकों ने गाड़ी को रुकने का इशारा किया। जब उसने गाड़ी रोकी तो उन्होंने रेवाड़ी जाने का रास्ता पूछा। इसी दौरान पीछे बैठे युवक ने गाड़ी का शीशा उतारने की बात कहते हुए गोली चला दी। गोली उसके दाईं बाजू में लगी। बाद में राहगीर ने अपनी गाड़ी में बैठाकर उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

- ■ सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस
- ■ वारदात से व्यापारियों में रोष





झज्जर। दुकानदार का उपचार करते हुए चिकित्सक। इनसेट में बयान दर्ज करते पुलिसकर्मी।

### आयुक्त से मिलेंगे व्यापारी

वारदात के बाद व्यापारियों में रोष बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला पुलिस आयुक्त से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों और आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने की भी बात कही।

## बामडोला में बिजली चोरी रोकने गई टीम पर हमला, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव बामडोला में बिजली चोरी रोकने गई निगम की टीम पर हमला कर दिया गया। अधिकारियों ने एक व्यक्ति पर मारपीट करने, सरकारी काम में बाधा डालने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। शिकायत के आधार पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। यह घटनाक्रम वीरवार की दोपहर को हुआ। पुलिस को दी शिकायत में कहा गया है कि बिजली निगम की एक टीम चोरी की जांच के लिए गांव बामडोला में गई थी। इस टीम में जेई श्याम, यतेंद्र, अरुण, एएलएम सुधीर और हरिकृष्ण आदि शामिल थे। जांच के दौरान विजय नाम का एक शख्स बिजली चोरी में संलिप्त पाया गया। जब टीम वीडियोग्राफी करने लगी तो आरोपी ने वीडियो नहीं बनाने दी।

साथ ही चेकिंग टीम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में जेई यतेंद्र को चोट आई है। जिस फोन से वीडियो ग्राफी की जा रही थी, उसे तोड़ने तथा जान से मारने की धमकी दी। रास्ता रोककर सरकारी काम में भी बाधा उत्पन्न की। टीम द्वारा यह मामला निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद पुलिस को शिकायत दी गई। बादली पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं



**बेरी।** शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड

कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और बैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्वेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बेहद अहम

# स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट भी एक उभरता हुआ करियर, जो आपको देगा नई उड़ान

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि शारीरिक फिटनेस। ऐसे में एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने, तनाव से निपटने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी खेल जगत में, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। यह जोश और जज्बे के साथ आपको नई उड़ाने दे सकता है। इस करियर विकल्प में आप भी फिट और मजबूत रहने के साथ साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

### क्या है स्पोर्ट्स साइकोलॉजी

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक ऐसी शाखा है जो एथलीट्स के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं का अध्ययन करती है। इसमें खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, ध्यान, प्रेरणा, तनाव प्रबंधन, टीम वर्क और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीतियों पर ध्यान दिया जाता है।

### खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती प्रदान करता



**तनाव से निपटने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता**

### आवश्यक कौशल और योग्यताएं

1. **संचार कौशल** : खिलाड़ियों और कोच से प्रभावी संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. **मनोवैज्ञानिक विश्लेषण** : खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति और प्रदर्शन की गहरी समझ होनी चाहिए।
3. **समस्या समाधान** : तनावग्रस्त और दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों की समस्याओं का हल निकालने में सक्षम होना चाहिए।
4. **धैर्य और सहानुभूति** : खिलाड़ियों की मानसिक चुनौतियों को समझने और उनका समर्थन करने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होना जरूरी है।

### नौकरी के अवसर

1. **खेल संगठन और टीमें**
- भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)
- विभिन्न क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और कबड्डी लीग टीमें

2. **सरकारी और निजी खेल अकादमियां**
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल अकादमियां
- निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र

3. **विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान**
- खेल विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर व प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना

4. **निजी प्रैक्टिस और परामर्श**
- व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों और खेल टीमों को मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार की सेवाएँ देना

### वेतन और आय

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की आय अनुभव और कार्यक्षेत्र पर निर्भर करती है।

- फ्रेशर (शुरुआती स्तर) : 5,00,000 से 8,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- मध्य स्तर (5-10 साल का अनुभव) : 10,00,000 से 15,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- वरिष्ठ विशेषज्ञ (10+ साल का अनुभव): 18,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष

### शिक्षा और प्रशिक्षण

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको मनोविज्ञान (**Psychology**) में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। इसके लिए निम्नलिखित शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**बैचलर डिग्री** : स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने की पहली सीढ़ी बी.ए. या बी.एससी. इन साइकोलॉजी करना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार अध्ययन और न्यूरोसाइंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

**मास्टर डिग्री** : बैचलर डिग्री के बाद, आपको एम.ए. या एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। इस डिग्री में खेल मनोविज्ञान, प्रदर्शन मनोविज्ञान और व्यवहार चिकित्सा की गहरी समझ दी जाती है।

**डॉक्टरेट (पीएचडी या पीएसवाईडी)** : यदि आप अनुसंधान या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी या पीएसवाईडी इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। यह उच्चतम स्तर की डिग्री है और इसमें गहन अध्ययन, अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव शामिल होते हैं।

### इन संस्थानों से कर सकते हैं डिग्री

**सरकारी संस्थान**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), दिल्ली
   - **कोर्स**: एम.ए. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
   - **कोर्स**: बी.ए. और एम.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
   - **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
4. नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पटियाला
   - **कोर्स**: स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण और रिसर्च प्रोग्राम्स

**निजी संस्थान**

1. अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   - **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
   - **कोर्स**: बी.एससी. और एम.एससी. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
   - **कोर्स**: बी.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में फोकस)

### उभरता हुआ करियर

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से उभरता हुआ करियर है, जो न केवल एथलीट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में भी मदद करता है। अगर आप खेलों और मनोविज्ञान में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक शानदार विकल्प हो सकता है।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।



---

# भारत में हर पर्व लाता जीवन में उत्साह सकारात्मक बदलाव व उमंग का प्रतीक



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत एक ऐसा देश है जहां हर पर्व अपने आप में एक अनूठा उत्साह और संदेश लेकर आता है। चाहे वह होली का रंगों भरा उमंग हो, दीपावली का प्रकाश और समृद्धि का संदेश हो, ईद की भाईचारे और बलिदान की भावना हो, या क्रिसमस का प्रेम और शांति का उपहार हो-ये सभी त्यौहार केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव और प्रेरणा लाने के अवसर हैं। खासकर छात्रों के लिए, ये पर्व नई ऊर्जा, आत्मविकास और सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आइए जानते हैं कि इन पर्वों से हमें क्या-क्या सीख मिलती है और इसे अपने जीवन में कैसे उतार सकते हैं।

## जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व

**बुराई पर अच्छाई की जीत**

**होली**: हिरण्यकश्यप और होलिका की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और भक्ति हमेशा विजयी होती है।

**दीपावली**: रावण पर राम की जीत अंधेरे पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

**ईद**: ईमानदारी और बलिदान की भावना हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**क्रिसमस**: प्रेम और क्षमा की भावना हमें बुराई को भलाई से हराने का संदेश देती है।

**छात्रों के लिए सीखः**

- हमेशा सत्य और मेहनत के रास्ते पर चलें।
- पढ़ाई में शॉर्टकट या नकल से बचें, ईमानदारी से अपने लक्ष्य पाएँ।
- असफलताओं को चुनौती मानें और उनसे सीखकर आगे बढ़ें।

**नया उत्साह और नई शुरुआत**

**होली**: पुराने गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर।

**दीपावली**: नया साल, नई उम्मीदें और समृद्धि की शुरुआत।

**ईद**: रमज़ान के बाद नई ऊर्जा और आत्म-शुद्धि का प्रतीक।

**क्रिसमस**: नए साल की शुरुआत के साथ प्रेम और शांति का संदेश।

**छात्रों के लिए सीख**

- हर दिन को एक नई शुरुआत मानें, पुरानी गलतियों से सीखें।
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करें।

## समाज में बांटते खुशियां

**परिश्रम और समर्पण का महत्व**

**होली**: घर की सफाई और तैयारियाँ मेहनत का महत्व सिखाती हैं।

**दीपावली**: दीप जलाने से पहले की तैयारी परिश्रम की महत्ता दर्शाती है।

**ईद**: रमज़ान के रोज़े और इबादत समर्पण का प्रतीक हैं।

**क्रिसमस**: उपहार और सजावट की तैयारी मेहनत और लगन का उदाहरण है।

**छात्रों के लिए सीख**

- सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी है।
- पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें और आलस्य को दूर करें।
- कठिनाइयों को अवसर में बदलें और खुद को बेहतर बनाएं।

**सामाजिक समरसता और एकता**

**होली**: रंगों के साथ सभी भेदभाव मिटाकर एकता का संदेश।

**दीपावली**: परिवार और समाज के साथ खुशियाँ बाँटने का पर्व।

**ईद**: ज़कात और भाईचारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**क्रिसमस**: प्रेम और दान की भावना से समाज को जोड़ने का अवसर।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

**उत्तर** 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### मंडल अध्यक्ष के जन्मदिन पर दी बधाई

**बहादुरगढ़।** शहर के रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा व भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी को जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा नेताओं ने संजय सैनी की सक्रियता को भी सराहा। साथ ही उन्हें लंबी आयु का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर रामकंवार सैनी, हरिमोहन धारूके, अमित पहलवान आदि मौजूद रहे।

### सेक्टर-9 ए में लगेंगे 5 नए ट्रांसफार्मर

**बहादुरगढ़।** वार्ड-14 के सेक्टर-9 ए में जल्द ही बिजली के पांच नए ट्रांसफार्मर लगवाए जाएंगे ताकि गर्मी के मौसम में यहां के लोगों को परेशानी न हो। नए ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति मिल गई है। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने जेई पवन कुमार के साथ सेक्टर 9ए का दौरा किया। सैनी ने कहा कि पहले यहां एचएसवीपी द्वारा चार ट्रांसफार्मर रखवाए गए थे। अब जनता की मांग पर ओवर-लोडिंग, हाई-लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए पांच और ट्रांसफार्मर रखवाए जाएंगे। इस अवसर पर पुनीत सैनी, लीलाधर, कृष्ण, दीपक, नीरज, सचिन, मंजीत, राजीव आदि मौजूद रहे।

### बजट को भविष्यगामी बताते हुए की प्रशंसा

**बहादुरगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बजट पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेसी जनता को गुमराह करना बंद करें। उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर बनाने के ऐलान के साथ नायब सरकार के बजट को भविष्यगामी बताते हुए इसके तमाम बिंदुओं की प्रशंसा की। उनके अनुसार एआई के आने के बाद ज्ञान के साथ कर्म पर सफलता तय होगी। हमें सदैव शिक्षार्थ रहना होगा। पूर्व कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ के अनुसार सीएम नायब सिंह सैनी ने बजट में समाज के हर वर्ग और क्षेत्र का ध्यान रखा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, दिनेश कौशिक, संजीव सैनी, डॉ. पंकज जैन, भीम सिंह प्रणामी, रामकंवार सैनी, नरेश भारद्वाज, पंकज गर्ग, ऋषि भारद्वाज, सोनू मान, श्रीराम खतोड़, मुकेश कौशिक, नरेंद्र धनखड़ व अनिल शाहपुर आदि मौजूद रहे।

### भटेड़ा गांव में लगेगा लीगल सर्विस कैंप 24 को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव भठेड़ा में आगामी 24 मार्च को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बिजली, रेवेन्यू, पानी, पेंशन आदि से संबंधित मामले सुने जाएंगे। कैंप में संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा व मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

### स्वयंसेविकाओं ने किया पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा व स्वयंसेविकाओं द्वारा पौधे रोपित किए गए।

## श्रीगोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा, भजन पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

# गोविंद मेरो है गोपाल मेरो है, श्री बांके बिहारी नंद लाल मेरो है...

- कथा व्यास पुनीत महाराज के सानिध्य में 151 सौभाग्यवती महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता। यह बात कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज ने चौधरियान मोहल्ला स्थित श्रीगोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन जिस स्थान पर होता है वहां भगवान स्वयं किसी न किसी रूप में मौजूद रहते है। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनना व सुनाना बड़े भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन संस्कृति को जीवित रखने में सहायक होते है।

कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा व्यास पुनीत महाराज के सानिध्य में 151 सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर शहर के विभिन्न स्थानों से होती हुई वापिस कथा स्थल गोपाल मंदिर पहुंचने पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान गोविंद मेरो है गोपाल मेरो श्री बांके बिहारी नंदलाल मेरो है..जैसे भजन और जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा।





झज्जर। गोपाल मंदिर में श्रीमद्भवत कथा का वाचन करते हुए कथा वाचक, गोपाल मंदिर में श्रीमद्भवत कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। सप्तमी पर शीतला मां की पूजा के लिए कतार में लगे भक्त।

## सप्तमी पर हुआ शीतला माता का पूजन

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को सप्तमी पर मां शीतला का पूजन अर्चन किया गया। पुरानी कमेटी चौक के निकट स्थित मंदिर में सुबह से ही देवी दर्शन व पूजन के लिए महिला भक्तों की भीड़ लगी रही। विदित है कि मां शीतला की पूजा होली के बाद सप्तमी तक की जाती है।मान्यता के अनुसार होली के उपरांत सप्तमी पर शुक्रवार को मां शीतला की पूजा की गई। महिलाओं ने एक दिन पहले बने बासी पकवानों का भोग लगाया और सुख समृद्धि की कामना की। मां शीतला देवी के मंदिर में सुबह से ही महिलाएं पहुंचने लगी थी। लाइन में लगकर भक्तों ने देवी मां का पूजन किया। फिर एक दिन पहले बनाए गए बासी पकवान का भोग लगाया। भक्त श्याम कुमार ने बताया कि भगवती शीतला की पूजा का विधान बहुत ही विशिष्ट है। क्योंकि शीतला सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन का भोग लगाया जाता है। यही वजह है कि संपूर्ण उत्तर भारत में शीतला सप्तमी को बासीड़ा के नाम से भी जाना जाता है। इसके पीछे तर्क यह है कि इस समय से वसंत की विदाई होती है और ग्रीष्म का आगमन होता है। इसलिए अब यहां से आगे बासी भोजन से परहेज करना चाहिए। कई घरों में शीतला माता की पूजा के दिन चूल्हा नहीं जलता। आज भी इस नियम का आस्था के साथ पालन होता है।

## रोजगार को लेकर दिया व्याख्यान

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ तथा एनएसएस यूनिट द्वारा संयुक्त रूप से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन नरेंद्र शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च पदों पर रोजगार पाने की जानकारी दी। साक्षात्कार के लिए स्वयं को तैयार करने के बारे में बताया। प्राचार्य आनंद कादयान ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। मंच संचालन डॉ रेनू दहिया ने किया तथा असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप ने धन्यवाद किया। कार्यक्रम में रोजगार प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ पूनम तथा डॉ समता भी उपस्थित रही।

## संस्था ने करवाई मेट्रो पिलरों की सफाई



**बहादुरगढ़।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में भगत सिंह मैत्री संस्था द्वारा मेट्रो पिलरों की सफाई का एक विशेष अभियान चलाया गया। संस्था के प्रधान प्रदीप यादव ने बताया कि शहीदी दिवस से पूर्व इन मेट्रो पिलरों को दोबारा चमकदार और स्वच्छ बनाया जा रहा है। यादव ने बताया कि भगत सिंह मैत्री संस्था शहर के विकास के साथ स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देने में जुटी है। इससे स्थानीय लोगों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। राजेश खत्री ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जारी रहेगी।

## कैंप के दूसरे दिन किया योगाभ्यास



**बहादुरगढ़।** बादली स्थित चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन की शुरुआत योगा से हुई। शुक्रवार को केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद की ओर से योगा का आयोजन किया गया। योगा के बाद नरेंद्र शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए अनेक सामाजिक गतिविधियों व समस्याओं पर विचार किया। उनसे बाहर निकलने का रास्ता बताया। प्राचार्य आनंद काद्यान ने एनएनएस के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने कागजों का इस्तेमाल करते हुए लिफाफे बनाए और पेंटिंग भी की। डॉ. रेणु दहिया ने मंच संचालन किया। संदीप कुमार का भी इसमें सहयोग रहा।

## गोतस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा गो तस्करी मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक विवेक मलिक ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कर्ण निवासी दिनोद जिला भिवानी और मुन्ना निवासी खरथल अलवर राजस्थान के तौर पर की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी गायों को इकट्ठा करते थे और इसके बाद उन्हें गाड़ियों में भरकर बेच देते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में चार आरोपियों को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## टीम ने किया नेहरू कॉलेज का दौरा



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में शुक्रवार को बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की संबद्धता के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की टीम ने निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय की निरीक्षण टीम में प्रोफेसर राजपाल और डॉक्टर महेंद्र शामिल रहे। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका ने वाणिज्य विभाग में उपलब्ध आधारभूत ढांचे, विभिन्न सुविधाओं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय एवं अन्य संसाधनों की जानकारी दी। निरीक्षण टीम ने वाणिज्य विभाग, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब का दौरा किया। इस अवसर पर डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन, दीपक, जितेंद्र , अंजू, अपेक्षा, डॉक्टर अंकुर व अन्य मौजूद रहे।

## शिविर में 15 युवाओं ने किया रक्तदान



**झज्जर।** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय दुजाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनसीसी, एनएसएस और वाईआरएस यूनिट द्वारा आयोजित इस शिविर में दयानंद आर्य पूर्व एडिशनल डायरेक्टर रोजगार विभाग हरियाणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए रक्तदाताओं को उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, क्योंकि इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। शिविर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान बाढ़सा की टीम ने सेवाएं देते हुए 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डॉक्टर, अनीता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सजनी, डॉक्टर नरेंद्र दहिया, डॉक्टर अजय जून, डॉक्टर दीपा, जितेंद्र सिंह, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर अजय जून, डॉक्टर रवि प्रकाश व संदीप लाइब्रेरियन सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू



**झज्जर।** अनाज मंडियों में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। जहां विभागीय अधिकारी नमी के कारण खरीद नहीं करने की बात कह रहे है। वहीं आढ़ती हैंडलिंग एजेंट बनने को तैयार नहीं है। ऐसे में आढ़ती भी सरकारी खरीद में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। अनाज मंडी एसोसिएशन झज्जर के प्रधान हरेंद्र सिलाना का कहना है कि विभाग द्वारा जो कमीशन दिया जाता है, वो नाकाफी है। इसलिए आढ़ती हैंडलिंग एजेंट बनने में दूरी बना रहे है। उधर, मातनहेल मंडी में सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की जानी है। यहां भी सरसों की खरीद शुरू नहीं हो पाई है। यहां मार्किट कमेटी द्वारा कोई भी व्यवस्था नहीं किए जाने का आरोप भी आढ़ती और किसान लगा रहे है। जिसके कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बहादुरगढ़। भाजपा नेताओं का स्वागत करते कोबी के पदाधिकारी।

## कोबी ने किया भाजपाइयों का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) के गणपति धाम स्थित कार्यालय में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि का स्वागत किया गया। इससे पहले कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, रवि चमरिया, तिलक राज गर्ग, संजय जैन, विकास गुप्ता आदि ने विश्राम गृह में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व जिला ध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, दिनेश कौशिक सेवामूर्ति, नरेंद्र धनखड़, श्रीराम खतोड़ आदि उपस्थित रहे। उद्योगपतियों ने भाजपा नेताओं के साथ झज्जर जिले के उद्योगों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

## एमआर स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**झज्जर।** एम आर स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ ओलंपियाड के दूसरे स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। ओलंपियाड द्वितीय स्तर में विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे विषयों में विद्यार्थियों के ज्ञान के कठोर मूल्यांकन के लिए जाना जाता है। देश भर से हजारों विद्यार्थी इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। परीक्षाओं के परिणामस्वरूप नितिन को पांच हजार रुपये, अमायरा को गोल्ड मेडल अंग्रेजी में, माही को पांच हजार रुपए, लविका को एक हजार रुपए, मीत, हिमांशु, रेयान व माही को पांच सौ रुपए गणित में गिफ्ट वाउचर प्राप्त हुआ। इसके साथ ही प्रियांशु, अर्जुन, मयंक को साइंस में भी मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। स्कूल निदेशिका संगीता कोडान ने होनहार विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





झज्जर। स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देते हुए विशेषज्ञ।

## स्वयंसेवकों को दिया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन की शुरूआत ध्यान एवं प्राणायाम से हुई। प्रातः कालीन सत्र में उपभोक्तावाद विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें यूनिट एक से अंजलि बीकॉम तृतीय वर्ष प्रथम रही। एनएसएस यूनिट एक की कार्यक्रम अधिकारी कुमारी सुनीता द्वारा अति उपभोक्तावाद के नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। बाद में रेडक्रॉस से विनय कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें श्वसन मार्ग अवरोध, सीपीआर, विषाक्तता संबंधी प्राथमिक चिकित्सा उपाय स्वयंसेवकों से सांझा किए। सायंकालीन सत्र में निशा रानी सहायक प्राध्यापिका गणित विभाग ने अपने व्याख्यान के माध्यम से बताया कि अपने घर और आस-पास की सफाई को अपनाकर हम एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में पैरा एथलीट्स के साथ डॉ. किरण व दीपक छिल्लर।

## गेम्स के अनावरण में शामिल हुआ बीआरजी

**बहादुरगढ़।** राजधानी दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण का भव्य आगाज हुआ। इसमें देशभर से 1300 से अधिक पैरा एथलीट्स भाग ले रहे हैं। बहादुरगढ रनर्स ग्रुप के सदस्य भी इसमें शामिल हुए। फिट इंडिया एंबेसडर दीपक छिल्लर और डॉ. किरण छिल्लर इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे पैरा एथलीट्स के बीच जागरूकता और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल करेंगे। उन्होंने पिछले संस्करण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था और इस बार भी पैरा खेलों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायता कर रहे हैं। यह आयोजन 27 मार्च को संपन्न होगा।

## अतिरिक्त निदेशक हरप्रीत कौर ने किया स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

माध्यमिक शिक्षा विभाग की अतिरिक्त निदेशक हरप्रीत कौर ने शुक्रवार को शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण व प्राचार्या मंजू रानी ने उनका स्वागत किया।

हरप्रीत कौर ने स्टाफ के साथ मीटिंग के दौरान विद्यालय की समस्याओं और व्यवस्था सुधार पर विस्तृत चर्चा की। विद्यालय प्रांगण में सफाई का अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए।

सीमा खत्री ने डाइट के माध्यम से तकनीकी ज्ञान में अभिवृद्धि करने के लिए प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। डीपीई विजय छिल्लर ने फिजिकल एजुकेशन से संबंधित रिफ्रेशर कोर्स करवाने और प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए मॉक ड्रिल करवाने का सुझाव रखा। इस मौके पर उपप्राचार्य ऋषि सहरावत, सुशीला, कर्मवीर तहलान व रविंद्र आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा करती हरप्रीत कौर।

## राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल स्पर्धा शुरू

**बहादुरगढ़।** मेहंदीपुर डाबोदा में शुक्रवार को चार दिवसीय राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई। पहले दिन शुक्रवार को कई रोमांचक मुकाबले हुए। गुरुग्राम, सोनीपत, झज्जर व भिवानी की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने मुकाबले जीतकर अगले चरण में प्रवेश किया।

हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रदेशभर से 20 जिलों की टीमें इसमें भाग ले रही हैं।

शुक्रवार को एसीपी डॉ. प्रणव कुमार व इंस्पेक्टर सरिता ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर प्रतियोगिता शुरू कराई। साथ ही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में गुरुग्राम ने फरीदाबाद को 2-0 से हरा दिया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीजेएम विशाल। फोटो :हरिभूमि

## जल संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी: सीजेएम

**झज्जर।** जल संरक्षण की मुहिम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रत्येक आमजन का सहयोग जरूरी है। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम विशाल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा विश्व जल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और जल संरक्षण का कार्य जल प्रबंधन के द्वारा ही संभव है।

## राजकीय महाविद्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

# कविता पाठ में अंश डागर रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में विद्यार्थियों को रचनात्मक कौशलता से जोड़ने के लिए हिंदी विभाग की ओर से स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में अंश डागर प्रथम, हरीश द्वितीय और निभा व संजना तृतीय स्थान पर रहे। रितु संभ्रवाल को सांत्वना पुरस्कार मिला।

प्राचार्या सुमन हुड्डा की अध्यक्षता और हिंदी विभाग की प्रवक्ता सीमा के निर्देशन में प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विशेष रुचि दिखाई। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उनके अनुसार ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशलता का विकास होता है। वहीं युवाओं के नए दृष्टिकोण काव्य के रूप में सामने आते हैं। सीमा ने कहा कि हिंदी साहित्य में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. अमित कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार व प्रो. सरला शामिल रही। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रो. सुनीता व प्रो. निशा ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। प्रो. अमित छिकारा, प्रो. राजीव दहिया, प्रो. राजीव आसिवाल व प्रो. भूपेंद्र भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। विजेता व प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

## छारा कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू



बहादुरगढ़। एनएसएस कैंप के पहले दिन मौजूद स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को कार्यकारी प्रचार्या डॉ अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में 7 दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू हुआ। उन्होंने मां सरस्वती के सामने दीप प्रजवलित करके कैंप शुरू किया। असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र ने बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया। एनएसएस कोर्डिनेटर मंजू मलिक ने एनएसएस की सार्वजनिक जीवन में उपयोगिता समझाई। असिस्टेंट प्रोफेसर जयंत और मोनिका ने व्यक्तित्व विकास और व्यावसायिक कौशल पर व्याख्यान दिया। डिजिटल परिवर्तन और डिजिटल इंडिया के बारे में भी चर्चा की। इस मौके पर डॉ संजय देसवाल, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ ललिता, मोहित व लोकेश आदि मौजूद रहे।

## पांच गाड़ियों से आठ बैट्री चोरी, केस

**बहादुरगढ़।** इलाके में दो स्थानों पर खड़ी पांच गाड़ियों से बैट्रियां चुरा ली गई। सेक्टर-7 और कसार गांव में ये वारदात हुई हैं। वाहन मालिकों की शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कसार के निवासी विजय कुमार ने कहा है कि उसने अपना ट्रक गांव में जोहड़ के पास खड़ा किया था। वीरवार को ट्रक चेक किया तो दो बैट्री गायब मिली।

सूचना
मैं, क्षितीज (Kshitiz) पुत्र अश्वनी कुमार श्रीवास्तव (Ashwani Kumar Shrivastava) निवासी मकान नंबर-1210/23, मोहन नगर, नजदीक गौरी शंकर मंदिर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुराना नाम (Kshitiz) है। मैंने अपना नाम बदलकर क्षितिज कुमार (Kshitiz Kummar) कर लिया लिया है। क्षितीज (Kshitiz) और क्षितिज कुमार (Kshitiz Kummar) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। मुझे भविष्य में मेरे नए नाम क्षितिज कुमार (Kshitiz Kummar) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज और कल

**बहादुरगढ़।** छारा स्थित लाला दीवान चंद आधुनिक कुश्ती एवं योग केंद्र में साई कुश्ती नर्सरी में चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय ट्रायल प्रक्रिया शनिवार 22 मार्च को शुरू होगी। कोच वीरेंद्र आर्य ने बताया कि सुबह आठ बजे यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आधार कार्ड, चार पासपोर्ट साइज फोटो, फैमिली आईडी, खेल प्रमाण पत्र, जन्मप्रमाण पत्र आदि दस्तावेज अनिवार्य हैं। चयनित खिलाड़ियों को हर महीने डाइट के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साल में एक पूरी किट भी दी जाएगी।

### बाइक चोरी के दो आरोपी जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी काबू किए हैं। आरोपियों से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है। सिटी एसएचओ हरेश कुमार के अनुसार, ओमेक्स के निवासी महेंद्र ने शिकायत दी थी कि श्यामजी कांप्लेक्स के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में दो आरोपी पकड़े गए हैं। आरोपियों की पहचान विक्रम निवासी परनाला हसनपुर तथा अर्जुन निवासी विवेकानंद नगर के रूप में हुई है।

### मकान से मोबाइल व घरेलू सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। शिकायत के आधार पर मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात अशोक के मकान में हुई है। अशोक का कहना है कि वह खेती-बाड़ी करता है। उसने अपना मोबाइल रसोई में चार्जिंग पर लगाया था। इसके बाद में अपने कमरे में चला गया। इस दौरान उसकी आंख लग गई। जब वह सुबह उठा तो रसोई में समान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर मेरा मोबाइल, जूसर मशीन, मोबाइल का चार्जर, घी का डिब्बा आदि सामान गायब था।

### महिला से हजारों रुपये की धोखाधड़ी, केस

**बहादुरगढ़।** शहर की निवासी एक महिला के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई। आरोपियों ने महिला को प्रोफिट और स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर चपत लगाई। मॉडल टाउन की निवासी महिला का कहना है कि कुछ दिन पहले मेरे पास टेलीग्राम पर मैसेज आया। मैसेज पर बातचीत शुरू हुई तो मुझसे प्रोफिट के नाम पर रुपये मंगवाए गए। मैंने रुपये भेज दिए लेकिन वापस नहीं आए। फिर कहने लगे कि आपको अपने रुपये निकलवाने के लिए पेनल्टी भुगतनी होगी लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। इसके बाद व्हाट्सएप पर मैसेज आया और कहा कि आपको स्टॉक मार्केट में 279 रुपये इन्वेस्ट करने होंगे। फिर आपको 20 हजार रुपये मिल जाएंगे। इस तरह आरोपियों ने 49 हजार रुपये ठग लिए।

# विधायक ने किया माजरा पीएचसी का औचक निरीक्षण, 13 में से 5 कर्मचारी मिले नदारद

## विधायक ने अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

- स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से शिकायत करेंगे : जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार नूना माजरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पर तैनात 13 में से 5 स्वास्थ्यकर्मी गैर हाजिर मिले। विधायक राजेश जून ने कहा कि वे गैर हाजिर डॉक्टर और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को पत्र लिखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से भी इन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध करेंगे। बता दें कि हरियाणा सरकार ने 2009 में करोड़ों रुपए की लागत से नूना माजरा गांव में पीएचसी बनाया था। विधायक राजेश जून के अनुसार यहां सरकार द्वारा अत्याधुनिक मशीन पहुंचाई गई हैं। इसके बावजूद 16 साल के अंतराल में किसी भी पेशेंट को यहां दाखिल करके इलाज नहीं किया गया। नूना माजरा के ग्रामीणों के अनुसार यहां इलाज के लिए आने पर उन्हें डॉक्टर नहीं मिलता। कर्मचारी बिना बताए गैर हाजिर रहते हैं। उन्हें छोटे-मोटे काम के लिए भी शहर की तरफ भागना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी डॉक्टर के कार्यालय के कई चक्कर काटने पड़ते हैं, मगर यहां स्टाफ नहीं मिलता। विधायक राजेश जून ने बताया कि यहां 13 कर्मचारी सरकार ने नियुक्त किए हैं। जिनमें से चार कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने ना तो शुक्रवार को किसी तरह की छुट्टी की एप्लीकेशन भेजी और ना ही अपने सीनियर डॉक्टरों को अनुपस्थिति के बारे में अवगत करवाया। जिस महिला डॉक्टर को पीएचसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह स्वयं भी गैर हाजिर मिली। इसके साथ ही दो महीने पहले सोमवार के दिन एक स्पेशलिस्ट डॉक्टर की ड्यूटी भी सीएमओ ऑफिस की तरफ से पीएचसी में लगाई गई है। पिछले 2 महीने से वह डॉक्टर एक बार भी सीएचसी में नहीं आया है।

विधायक राजेश जून ने स्थानीय अधिकारियों से इस मामले का संज्ञान लेकर गैर हाजिर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से भी इस मामले में कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



बहादुरगढ़। निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते विधायक राजेश जून।

# शक्ति नगर में शुरू हुआ अखंड वाणी का पाठ

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब में माथा टेका



बहादुरगढ़। गरीबदास की वाणी का अखंड पाठ प्रकाश करते महंत दयासागर। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के शक्ति नगर में संत शिरोमणि गरीबदास जी महाराज की वाणी का अखंड पाठ प्रकाश हो गया है। छुड़ानी धाम के गद्दीनशीन महंत दयासागर ने वाणी का पाठ प्रकाश किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। महंत दयासागर के अनुसार संत गरीबदास महाराज ने कहा है कि गृहस्थ जीवन के तमाम दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी भक्ति की सर्वोत्तम अवस्था पाई जा सकती है। लेकिन उसके लिए जरूरी है कि आपका मन निर्मल हो। हर प्राणी के लिये मन में सम्मान हो तो मानव का कल्याण निश्चित है। जिस घर में अमृतमयी वाणी का पाठ होता है, वहां सुख समृद्धि का वास होता है। भक्त जयश्री देवी की संगत ने भी दरबार साहिब में मत्था टेककर मन्नत मांगी। उनके अनुसार संत शिरोमणि गरीबदास साहिब की वाणी में मोक्ष का मार्ग छुपा है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले अखंड वाणी पाठ का मध्य भोग शनिवार को लगेगा। वहीं पूर्ण भोग रविवार 23 मार्च को लगाया जाएगा। इस दौरान नित नियम से संध्या आरती और महात्मा लगातार सत्संग भी करते रहेंगे। टांकडी धाम के महंत कमल सागर वाणी पाठ के भोग अवसर पर संगत को सत्संग फरमाएंगे। तत्पश्चात शुद्ध देशी घी का भंडारा भी लगाया जाएगा। इस मौके पर पाठी हंसराज, जसवंत, सोनू, वेद और सतनाम भी मौजूद रहे।

## शहर के मॉडल टाउन में सूने मकान में वारदात

# लाखों के आभूषण व 5 लाख की नकदी चोरी

- आरोपी सीसीटीवी में कैद, पुलिस ने जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। वारदात के बाद खुली पड़ी अल्मारी तथा सीसीटीवी में नजर आ रहे चोर। फोटो: हरिभूमि

शहर के मॉडल टाउन में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। चोरों ने यहां बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाया। गेट फांदकर चोर मकान में घुसे और पांच लाख की नगदी सहित लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर नजर आए हैं। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। चोरी की ये बड़ी वारदात मॉडल टाउन की निवासी यशवंती देवी के यहां हुई है। पिछले कुछ समय से वह यहां मकान में अकेली रह रही थी। तबीयत खराब होने के चलते वह कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती है। पीछे से मकान बंद था। इसी का लाभ चोरों ने उठाया और बंद पड़े मकान को निशाना बना लिया। वारदात 19 मार्च की रात हुई। चोर मुख्य गेट की दीवार कूदकर अंदर घुसे, फिर अंदर वाला दरवाजा उखाड़ कर कमरों में प्रवेश किया और तसल्ली से वारदात कर डाली। जब वीरवार की सुबह परिवार के लोग मकान में आए तो वारदात का पता चला। अंदर कमरों में तमाम सामान बिखरा हुआ था। अलमारी खंगाली गई थी। जांच के दौरान पांच लाख की नकदी, सोने के चार कड़े, दो जेंट्स गोल्ड चेन, दो लेडीज चेन, 110 चांदी के सिक्के, सोने की तीन जोड़ी बालियां, सोने की 10 जेंट्स अंगूठी, दो सोने के सिक्के, दो नेकलेस, मांग टीका, सोने का जेंट्स कड़ा, चांदी की तीन मूर्तियां, मोबाइल तथा अन्य सामान गायब था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वारदात को अंजाम देने वाले चोर आसपास लगे सीसीटीवी में भी दिखाई दिए हैं। फुटेज में दो चोर नजर आ रहे हैं। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले को सुलझाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान की कोशिश है। जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार कर यह वारदात सुलझाई जाएगी। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में चोरी की वारदात तेजी से बढ़ रही हैं। इसी रात बहादुरगढ़ में तीन जगह मकानों में चोरी की बड़ी वारदात हुई। बंद मकान दिखते ही चोर निशाना बना लेते हैं। वारदात करने वाले सीसीटीवी में नजर आते हैं लेकिन कई मामलों में पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाते। इन वारदातों से आम नागरिक परेशान हैं।

### बढ़ती चोरियों को लेकर डीसीपी से की मुलाकात

**बहादुरगढ़।** शहर में आए दिन हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चेयरपर्सन सरोज राठी ने कई पार्षदों के साथ डीसीपी व एसीपी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शहर के चौक चौराहों व मुख्य बाजारों में पुलिस की स्थाई तैनाती की जाए। पूरे शहर में रात के समय पुलिस की नियमित गश्त कराई जाए। चेयरपर्सन के साथ पार्षद राजेश मकड़ौली, पार्षद अशोक शर्मा, पार्षद अश्वनी शर्मा, पार्षद राजेश तंवर, पवन रोहिल्ला व रमेश राठी मौजूद रहे।



झज्जर। मुख्य सचिव की वीसी में उपस्थित डीसी प्रदीप दहिया। फोटो: हरिभूमि

### साइक्लोथॉन से जन-जन तक पहुंचेगा ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश : दहिया

**झज्जर।** नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर निकलने वाली साइक्लोथॉन को लेकर तैयारियां जिला प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। खेल विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी नवदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित वीसी में डीसी प्रदीप दहिया व डीसीपी दीपक सहारण शामिल हुए। वीसी के उपरांत डीसी ने संबंधित अधिकारियों को साइक्लोथॉन की तैयारियों को प्रभावी ढंग से करने के दिशा-निर्देश दिए। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि साइक्लोथॉन 12 अप्रैल को गुरुग्राम जिला के गांव कालियावास से झज्जर जिला सीमा में प्रवेश करते हुए बाढ़सा, लगरपुर, बादली होते झज्जर पहुंचेगी। अगले दिन झज्जर से छारा, भापड़ौदा होते हुए रोहतक जिले में प्रवेश करेगी। इस दौरान जिला वासियों को नशे के खिलाफ संदेश देगी। डीसी ने कहा कि साइक्लोथॉन का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना है, और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाड़ियों, और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा।

### सीजेएम ने बंदी व कैदियों की सुनी समस्याएं

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल के समक्ष 10 मामले रखे गए। जिसमें से चार मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर मैरी प्रोफेशनल एंड लॉ इंस्टीट्यूट आसंडा के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रीत सिंह की अगुवाई में विद्यार्थियों ने जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भागीदारी और सीजेएम विशाल के दिशा-निर्देशन में जेल का दौरा करते हुए जेल की प्रक्रियाओं को जाना। इसके अतिरिक्त सचिव एवं सीजेएम ने जेल का निरीक्षण कर कैदियों व बंदियों की समस्याएं सुनी व उनके उचित समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव आज से

- महोत्सव में साधु- संत व राजनेता भी करेंगे शिरकत

**झज्जर।** शनिवार से प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव की शुरू की जाएगी। दो दिवसीय 109वें वार्षिक महोत्सव एवं 23वें स्वामी ओमानंद सरस्वती स्मृति दिवस कार्यक्रम में आर्य जगत के साधु-सन्यासी, राजनेता एवं विद्वान शामिल होंगे। गुरुकुल के अधिष्ठाता आचार्य विजयपाल योगार्थी ने बताया कि वार्षिक महोत्सव के पहले दिन सांय चार बजे सार्वदेशिक आर्यवीर दल के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामी देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में गुरुकुल के ब्रह्चारियों द्वारा भारतीय व्यायामों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें योगासन, दंड बैठक, जिन्मास्टिक, मल्लखंभ, लाठी, भाला, तलवार, लोहे के सरिये को गले से मोड़ना, प्राणायाम व ब्रह्मचर्य के बल से बेल तोड़ना व जीप रोकने के हैरतअंगेज करतब दिखाए जाएंगे। समारोह में भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, कृषि, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा, राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, शिक्षा एवं संसदीय मंत्री महिपाल ढांडा, सिंचाई, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी एवं राजस्थान से विधायक महंत प्रतापपुरी को मुख्यातिथि के रूप में आंमत्रित किया गया है।

### ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ड्राइव में तीस विद्यार्थियों ने लिया भाग



झज्जर। प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एनआईआईटी और एक्सिस बैंक के सहयोग से सहायक प्रबंधक पद के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। रोजगार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन ने बताया कि इस ड्राइव में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम वर्ष के तीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनआईआईटी-एक्सिस की टीम ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 12 विद्यार्थियों का चयन हुआ। अब इन विद्यार्थियों को आगामी प्रक्रिया के चरणों से गुजरना होगा। सभी चरणों को पास करने वाले विद्यार्थियों को कंपनी ऑफर लेटर प्रदान करेगी।

### बाईपास पर राहगीर के साथ फिर छीना झपटी

**बहादुरगढ़।** इलाके में राहगीरों के साथ सरेआम छीना झपटी की वारदात हो रही हैं। अब यहां बाईपास पर बाइक सवार दो लोगों को निशाना बनाया गया। दो बदमाशों ने मारपीट कर उनसे रुपये छीन लिए। सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात गोविंद के साथ हुई है। यूपी मूल के गोविंद का कहना है कि वह फिलहाल गुरुग्राम जिले के बालियावास गांव में रहता है। पेशे से ठेकेदार है। इन दिनों बहादुरगढ़ की एचएल सिटी में काम कर रहा है। मजदूर देवेश निवासी नजफगढ़ को वह अपने साथ काम पर लाया था। काम खत्म होने के बाद देर शाम करीब सात बजे देवेश को बस स्टैंड छोड़ने जा रहा था। जब द्वारका एक्सप्रेस वे के निकट पहुंचे तो दो बाइक सवार युवकों ने हमको रुकवा लिया। फिर उन्होंने मारपीट शुरू कर हमारी जेबें खंगालनी शुरू की। मेरी जेब से एक हजार रुपये निकालकर भाग गए। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सिटी पुलिस ने गोविंद की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि इसी मार्ग पर 18 मार्च को भी स्कूटी सवार से छीना झपटी की वारदात हुई थी। वह मामला सदर थाने में दर्ज है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# खत्म नहीं हो रही हड़ताल, आमजन परेशान

## वेतन न मिलने पर पांचवें दिन भी सफाई कर्मचारियों ने की नारेबाजी

- कर्मचारी ने की नियमित वेतन व महीने में चार अवकाश देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। हड़ताल के कारण शहर के गांधी चौक में फैली गंदगी।

वेतन न मिलने से परेशान अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन प्रवेश कर गई। हड़ताल की वजह से शहर गंदगी से सड़ रहा है। स्वच्छता के दावे पूरी तरह से दम तोड़ चुके हैं। गंदगी से परेशान लोगों में नगर परिषद के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। शहरवासियों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से सफाई कर्मचारी बार-बार हड़ताल कर रहे हैं। इनका काम बेहद मेहनत और जोखिम भरा है। लिहाजा इन्हें इनका मेहनताना तो समय पर मिलना ही चाहिए।

मामला बड़े अधिकारियों के संज्ञान में है, फिर भी समस्या का हल नहीं हो रहा। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है, जो अधिकारी एक ठेकेदार से इन गरीब मजदूरों का मेहनताना नहीं दिला पा रहे। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर गंदगी से सड़ रहा है और बीमारियां फैलने का डर है। स्वच्छता के दावे यहां पूरी तरह से हवा हवाई हो गए हैं। अधिकारियों को मामले में संज्ञान लेते हुए इसका हल निकालना चाहिए ताकि कर्मचारी काम पर लौट सके और शहर साफ सुथरा हो सके। सरकार को भी इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, अनुबंधित सफाई कर्मचारी नियमित वेतन और महीने में चार अवकाश देने की मांग उठा रहे हैं। फिलहाल इनके तीन माह का वेतन बकाया है। इस वजह से ये सोमवार से हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें आश्वासन नहीं, अपना वेतन चाहिए। जब तक वेतन नहीं मिलेगा, काम पर नहीं लौटेंगे।

### जिले में नालों में अवैध रूप से गंदा पानी छोड़ने पर प्रतिबंध

**झज्जर।** जिलाधीश प्रदीप दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी जारी करते हुए जिले में ड्रेन, नालों और जल निकासी मार्गों में ट्रैक्टर और टैंकरों के माध्यम से अवैध रूप से गंदा पानी एवं औद्योगिक कचरा प्रवाहित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेशों के अनुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बहादुरगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यमुना नदी में गिरने वाले मुंगेशपुर ड्रेन, केसीबी ड्रेन और ड्रेन नंबर 8 जैसे नाले गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहे हैं। कई ट्रैक्टर और टैंकर मालिक इनमें अवैध रूप से औद्योगिक कचरा और सीवरेज का पानी डाल रहे हैं, जिससे पर्यावरण को खतरा उत्पन्न हो रहा है और यमुना नदी कार्य योजना के क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों को ने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# लगातार घटते जल को बचाने के लिए जागृति जरूरी

- एक्ट की अनुपालना के अभाव में व्यर्थ बह रहा है 80 फीसद बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हर साल की तरह इस बार भी जल दिवस आ गया, लेकिन इसे लेकर कोई जागृति नहीं आई। बेशक दीवारों पर 'जल ही जीवन है' के बड़े नारे नजर आ जाएं, लेकिन हकीकत एकदम सूखी है। शहर में भूजल लगातार रसातल में जा रहा है। वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर बनाए नियमों की अनुपालना के अभाव में 80 प्रतिशत बरसाती पानी व्यर्थ बह रहा है। सरकारी कानून महज कागजों तक सिमट कर रह गए हैं। बता दें कि बहादुरगढ़ में भी पानी का संकट गहराता जा रहा है। कुओं का अस्तित्व ही मिट गया है। भू-जल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। दोहन के अनुपात में महज 10 फीसदी हिस्सा ही रिचार्ज हो रहा है। बरसाती पानी का लगभग 80 फीसदी हिस्सा बेकार बह जा रहा है। पर्यावरण प्रेमी प्रदीप रेढू के अनुसार साबुन लगाते समय नल बंद कर देने से 70 लीटर पानी बचाया जा सकता है। ब्रुश करते समय नल पांच मिनट में 45 लीटर पानी बहता है। मग का इस्तेमाल कर 44.5 लीटर पानी की बचत की जा सकती है। हाथ धोने के दौरान खुला नल दो मिनट में 18 लीटर पानी बहता है। मग के इस्तेमाल से 17.75 लीटर पानी बचाया जा सकता है। शेविंग के वक्त बहता हुआ नल दो मिनट में 18 लीटर पानी बहाता है। मग से शेविंग कर 16 लीटर पानी की बर्बादी रोकी जा सकती है। रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत बरसाती पानी को बचाने के लिए भवनों की छत पर दो से उससे निकासी रखी जाती हैं। पाइप लाइन से जोड़ कर पानी को सीधे ही जमीन में उतारा जाता है।

### जिले में चाइनीज डोर की बिक्री व रखने पर प्रतिबंध

**झज्जर।** जिलाधीश प्रदीप दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में चीन मांझा और नायलॉन या अन्य सिंथेटिक धागे से बने मांझे के उपयोग, भंडारण, खरीद और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। त्यौहारों व अन्य आयोजनों पर पतंग उड़ाने के दौरान हादसों की संभावना को देखते हुए जिलाधीश ने जनहित में पूरे जिले में धारा 163 लागू की है। इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।